manufacture of 320 tons of castings per month. Their capacity for production of rolls has not been separately assessed or fixed. They are producing cast iron rolls to a limited extent.

(d) The imports of rolls for the last 3 years are:

April 1959—March 1960—Rs. 107 lakhs.

April 1960—March 1961—Rs. 118 lakhs.

April 1961—March 1962—Rs. 152.5 lakhs.

फ्रांस में भारतीय इंजीनियरिंग विद्यार्थी

***५७०. श्री बिशन चन्द्र सेठ** : क्या **वैज्ञानिक अनुसन्धान और सांस्कृतिक-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत सरकार ने फ्रांस सरकार से यह व्यवस्था की है कि भारतीय इंजीनियर छात्रों को उनके देश में शिक्षा मिल सके ;

(ख) ऐसे छात्रों को किस आधार पर छांटा जायेगा ;

(ग) कितने छात्र हर वर्ष इस प्रयोजन हेतु भेजे जायेंगे ; और

(घ) यह सुविधा फ्रांस सरकार ने कितने वर्ष के लिये उपलब्ध की है ?

वैज्ञानिक अनुसन्धान और सांस्कृतिक-कार्य मंत्री (श्री हुमायून् कबिर) : (क) जी नहीं, लेकिन इंडो-फ्रेंच टेकनीकल कोआपरेशन प्रोग्राम के अधीन इंजीनियरी के भारतीय अध्यापकों को फ्रांस में सीमित तादाद में ट्रेनिंग देने के लिये फ्रांस सरकार के साथ व्यवस्था की गयी है ।

(ख) ये अध्यापक भारत में इंजीनियरी तकनीकी इंस्टीट्यूशनों द्वारा भेजे जाते हैं और उनका चुनाव योग्यता के आधार पर किया जाता है ।

(ग) अब तक हर साल एक से चार तक उम्मीदवार चुने गये हैं ।

(घ) फ्रांस सरकार ने यह नहीं बताया है कि यह व्यवस्था कितने साल तक चलेगी ।

दिल्ली में पुरातत्वीय सुरंग

***५७१. { श्री प० ला० बारूपाल : श्री द्वा० ना० तिवारी :**

क्या **वैज्ञानिक अनुसन्धान और सांस्कृतिक-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली की एक प्राचीन मस्जिद में एक पुरानी सुरंग मिली है ;

(ख) क्या यह सच है कि उपरोक्त सुरंग लाल किले, कुतुब मीनार और आगरे से मिली हुई बताई जाती है ;

(ग) क्या इस सुरंग के विषय में और कोई विशेष जानकारी भी मिलने की संभावना है ; और

(घ) क्या उपरोक्त सुरंग में कुछ हथियार भी मिले हैं और यदि हां, तो वे कितने मूल्य के हैं ?

वैज्ञानिक अनुसन्धान और सांस्कृतिक-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (डा० म० मा० दास) : (क) जी नहीं ।

(ख) सवाल पैदा नहीं होता ।

(ग) सवाल पैदा नहीं होता ।

(घ) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को ऐसी किसी खोज की सूचना नहीं मिली है ।

Archival Legislation Committee

***572. Shri H. N. Mukerjee:** Will the Minister of **Education** be pleased to state:

(a) whether the examination of the recommendations made by the Archi-